## साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 15-21 अक्टूबर 2018

**प्रिय पाठकों,**

**यह** साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **तीसरे** सप्ताह **(15-21)** अक्टूबर 2018 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल बैंकिंग साक्षात्कार और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. केंद्र सरकार से कार्यकाल में एक वर्ष का विस्तार प्राप्त करने वाले बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक (एम.डी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ)_______ **पी.एस. जयकुमार।**

   **नोट:**
   - यह विस्तार भारत का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक स्थापित करने की दिशा में बैंक ऑफ बड़ौदा (बी.ओ.बी), देना बैंक और विजया बैंक के विलय की पृष्ठभूमि का परिणाम है।
2. सामान्य और स्वास्थ्य बीमा क्लेम के किश्तों में भुगतान की संभाव्यता की जांच के लिए सुरेश माथुर, ई.डी. (स्वास्थ्य), आई.आर.डी.ए.आई की अध्यक्षता के तहत एक पैनल का गठन किसने किया_______ **भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई.आर.डी.ए.आई)।**

   **नोट:**
   - क्लेम लाभ के किश्तों में निपटारे की अवधारणा लाभार्थियों / दावेदारों को पूर्व-निर्धारित किश्तों की श्रृंखला में भुगतान प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।
   - नियामक 'आई.आर.डी.ए.आई' ने सुरेश माथुर, ई.डी. (स्वास्थ्य), आई.आर.डी.ए.आई के अध्यक्ष के रूप में एक कार्यकारी समूह गठित किया है।
3. केंद्र सरकार ने सामान्य भविष्य निधि (जी.पी.एफ) और अन्य संबंधित योजनाओं के लिए ब्याज दर में 0.4 प्रतिशत अंक की वृद्धि के साथ इसे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही हेतु कितने प्रतिशत किया ______ **8%।**
4. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आर.आई.एल) डेन नेटवर्क लिमिटेड और हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक निवेश साझेदारी में प्रवेश कर रही है।
5. सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई.पी.एफ.ओ), इसके विस्तार और ऋणशेष की वसूली के कार्यों की जांच कौन करेगा ____ **एक संसदीय पैनल।**

   **नोट:**
   - श्रम मामलों की संसदीय स्थाई समिति ने श्रम कानूनों, सामाजिक सुरक्षा और श्रमिक कल्याण योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करने का भी निर्णय लिया है।
   - पैनल का नेतृत्व भाजपा सांसद किरीट सोमैया करेंगे और उन्होंने मजदूरों से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला का चयन किया है।

6. मोबाइल वॉलेट जैसे प्रीपेड साधनों (पी.पी.आई) के बीच भुगतान की सुविधा के लिए परिचालन दिशानिर्देश किसने जारी किए हैं___ **आर.बी.आई।**

**नोट:**

- अधिसूचना के अनुसार, मोबाइल वॉलेट तथा बैंक खातों और ई-वॉलेट के बीच पारस्परिकता यू.पी.आई सिस्टम के माध्यम से सक्षम की जाएगी।

7. मुद्रास्फीति आधारित थोक मूल्य सितंबर में दो महीने के किस उच्चतम स्तर तक पहुंच गया _____ **5.13%।**

**नोट:**

- मुद्रास्फीति आधारित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई) अगस्त में 4.53% और पिछले वर्ष सितंबर में 3.14% था।

8. अमेरिका और यूरोप में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मसाला बांड किसने लॉन्च किए___ **इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आई.एफ.सी)।**

**नोट:**

- इस बांड का उद्देश्य भारत में आई.एफ.सी की तेजी से बढ़ती निवेश गतिविधियों को वित्त पोषित करना है।
- मसाला बांड विदेश में जारी किया गया रुपया-नामित ऋण है। आई.एफ.सी विदेशों में रुपया फंड जुटाने के लिए इनका उपयोग करती है और लाभ को निवेश के लिए भारत में पहुंचाती है। आई.एफ.सी ने अक्टूबर, 2013 में मसाला बांड कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है_______**15 अक्टूबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2018 का विषय "लैंगिक समानता और ग्रामीण महिलाओं एवं लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए सतत अवसंरचना, सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा" है।
- पहला अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस 15 अक्टूबर, 2008 को मनाया गया था।

2. दुनिया भर में 'विश्व खाद्य दिवस' वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है______**16 अक्टूबर।**

**नोट:**

- विश्व खाद्य दिवस 2018 का विषय 'हमारा कार्य हमारा भविष्य है'।
- यह दिवस वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ.ए.ओ) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- एफ.ए.ओ एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो भूख को पराजित करने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है। इसका मूल संगठन संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (यू.एन.ई.एस.सी) है।

3. पूरे विश्व में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया जाता है ______**17 अक्टूबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2018 का विषय 'मानवाधिकारों और प्रतिष्ठा के सर्वगत सम्मान की एक समावेशी दुनिया के सृजन के लिए अत्यन्त पिछड़ों के साथ आगे बढ़ें' है।

- इस वर्ष मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा की अपील की 70वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।

4. विश्व ओस्टियोपोरोसिस (अस्थि-सुषिरता) दिवस वार्षिक रूप से मनाया जाता है_____**20 अक्टूबर।**
   **नोट:**
   - विश्व ओस्टियोपोरोसिस दिवस पर ओस्टियोपोरोसिस और चयापचयी (मेटाबोलिक) हड्डी रोग की रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित एक वार्षिक अभियान शुरू किया गया।
   - यह इंटरनेशनल ओस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन (आई.ओ.एफ) द्वारा आयोजित किया जाता है।
   - विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस 2018 का विषय हड्डी के स्वास्थ्य में सुधार और ओस्टियोपोरोसिस के कारण होने वाले फ्रैक्चर को रोकने के लिए वैश्विक अभियान की मांग करता है।

## श्रद्धांजलियां

1. माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक जिनका सिएटल, वाशिंगटन में कैंसर के कारण निधन हो गया__ **पॉल जी. एलन।**
   **नोट:**
   - पॉल ने व्यक्तिगत कंप्यूटिंग क्रांति लाने में सहायता की थी और फिर सिएटल को सांस्कृतिक स्थल में परिवर्तित करने के अपने अकल्पनीय भाग्य को पूरा किया था।
   - उन्होंने वर्ष 1982 में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी छोड़ी थी।
   - वह एक समाज सेवी थे और नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के पोर्टलैंड ट्रेल ब्लेज़र, एन.एफ.एल के सिएटल सीहॉक्स के मालिक भी थे और सिएटल्स साउंडर्स सॉकर टीम में शेयरधारक थे।
2. स्वच्छ गंगा की मांग के लिए पिछले 111 दिनों से उपवास पर रहते हुए उत्तराखंड के ऋषिकेश में किस पर्यावरणविद प्रोफेसर का निधन हो गया____ **प्रोफेसर जी.डी. अग्रवाल।**
   **नोट:**
   - वह आई.आई.टी-कानपुर के भूतपूर्व प्रोफेसर थे।
3. किस अनुभवी कांग्रेसी नेता का लंबी बीमारी के बाद अपने जन्मदिन पर निधन हो गया_____ **नारायण दत्त तिवारी।**
   **नोट:**
   - श्री तिवारी को दो राज्यों (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने का अनोखा गौरव प्राप्त था।
   - वह उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री थे।
   - वह वर्ष 2002-2007 तक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री भी थे।
   - उन्होंने आंध्र प्रदेश के राज्यपाल (वर्ष 2007 से 2009 तक) के रूप में भी कार्य किया।
4. बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बेगूसराय (बिहार) से संसद सदस्य (एम.पी) जिनका दिल्ली में निधन हो गया___ **भोला सिंह।**
   **नोट:**
   - श्री सिंह बिहार- नवादा (2009 में) और बेगूसराय (2014) से दो बार के लोकसभा सदस्य थे।
   - अनुभवी नेता बेगूसराय विधानसभा सीट से आठ बार बिहार की विधानसभा पहुंचे।

## नई नियुक्तियां

1. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी.एस.आई.आर) के महानिदेशक और वैज्ञानिक एवं अनुसंधान विभाग (डी.एस.आई.आर) के सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया ___ **डॉ. शेखर मांडे।**

   **नोट:**

   - वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी.एस.आई.आर) वर्ष 1942 में स्थापित एक स्वायत्त निकाय है और भारत का प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन (आर. एंड डी.) है।
   - यह वर्ष 1860 के पंजीकरण समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करता है।

2. किस विदेश राज्य मंत्री ने उनके ऊपर कई महिलाओं द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया __ **मोबाशर जावेद अकबर।**

   **नोट:**

   - यह इस्तीफा उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते दिया गया।
   - श्री अकबर इस संबंध में आपराधिक मानहानि का मुकदमा पहले ही दर्ज करा चुके हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारतीय निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई) ने आगामी विधानसभा चुनावों में नागरिकों को चुनावी भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी अपलोड करने में सहायता हेतु कौन सा इंटरनेट आधारित मोबाइल ऐप पेश किया है___ **सी-विजिल (C-vigil)।**

   **नोट:**

   - **'सी-विजिल'** (जिसका अर्थ है 'नागरिक' सतर्कता) पहली बार एक आरंभिक परियोजना के रूप में परिचालित किया जाएगा।

2. केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री **अजय टम्टा** ने कहां पर स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में दुनिया के सबसे बड़े **आई.एच.जी.एफ-दिल्ली मेले** के 46वें संस्करण का उद्घाटन किया _____ **ग्रेटर नोएडा।**

   **नोट:**

   - इस मेले ने देश से हस्तशिल्प के निर्यात में वृद्धि करने और हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए विशेष प्रतिष्ठा हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
   - हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित इस मेले में 110 से अधिक देशों के 3200 प्रदर्शक भाग लेते हैं।

3. माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ कृषि और स्वास्थ्य देखभाल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई) आधारित समाधान उपलब्ध कराने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए_____ **नीति आयोग।**

   **नोट:**

   - माइक्रोसॉफ्ट इंडिया क्लाउड, ए.आई, अनुसंधान और कृषि एवं स्वास्थ्य देखभाल तथा पर्यावरण सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में नई पहल और समाधान के लिए अपनी विशेषज्ञता के संयोजन से नीति आयोग का समर्थन करेगा।

- माइक्रोसॉफ्ट स्थानीय भाषा संगणन के विकास और अभिग्रहण के लिए ए.आई. के उपयोग में भी तेजी लाएगा।

4. महिलाओं की किस कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए महिला किसान दिवस मनाया गया ____ **कृषि।**

   **नोट:**
   - विभिन्न राज्यों की महिला किसान, महिला उद्यमी, कृषि संगठन, कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।
   - वे बुवाई से लेकर रोपण, जल निकासी, सिंचाई, उर्वरक, पौध के संरक्षण, कटाई, खरपतवार, और भंडारण तक कृषि के हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं।

5. रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर कौन सी डी.आर.डी.ओ वेबसाइट समर्पित की ___ **'द कलाम विज़न - डेयर टू ड्रीम'।**

   **नोट:**
   - वेबसाइट कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणाली और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर केंद्रित है।
   - यह छात्रों और स्टार्टअप के लिए सार्वजनिक प्रतिस्पर्धा की सुविधा भी प्रदान करेगी, और यह drdo.gov.in/drdo/kalam/kalam.html पर उपलब्ध है।

6. केंद्रीय वाणिज्य मंत्री स्मृति जुबीन ईरानी ने तीन दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय रेशम मेले (आई.आई.एस.एफ) के 6वें संस्करण का उद्घाटन कहां किया___ **नई दिल्ली।**

   **नोट:**
   - देश के विभिन्न हिस्सों में निर्मित रेशम और मिश्रित रेशम उत्पादों के 108 प्रदर्शक अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं।
   - भारत विश्व में रेशम का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
   - भारत अंतर्राष्ट्रीय रेशम मेला भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद (आई.एस.ई.पी.सी) द्वारा आयोजित किया जाता है।

7. ऊर्जा तथा नई एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री **आर.के. सिंह** ने किस पुरस्कार योजना की घोषणा की _____ **सौभाग्य।**

   **नोट:**
   - इस योजना के संचालन क्षेत्र में 100% घरेलू विद्युतीकरण हासिल करने के लिए DISCOMs / राज्यों के बिजली विभाग एवं उनके कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है।
   - राज्यों के DISCOMs / विद्युत विभाग स्तर पर 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण हासिल करने के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
   - आठ राज्य (आंध्र प्रदेश, गुजरात, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, पंजाब और तमिलनाडु) जो सौभाग्य के लॉन्च होने से पहले ही 99% से अधिक घरेलू विद्युतीकरण हासिल कर चुके हैं, पुरस्कार योजना के तहत भागीदारी के लिए योग्य नहीं हैं।

8. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा विमोचित स्वर्गीय अनुमोलू रामकृष्ण की जीवनी का शीर्षक ______ **'बिल्डिंग ए लेगेसी'।**

**नोट:**

- जीवनी लेखक चार्टर्ड एकाउंटेंट वी. पट्टाभी राम द्वारा लिखी गई है।
- रामकृष्ण (लार्सन एंड टुब्रो में पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक) भारतीय निर्माण क्षेत्र में नवीन प्रणालियों और निर्माण तकनीकों के अनुप्रयोग के मार्गदर्शक हैं।

9. वर्ष 2018 के लिए विश्व आर्थिक मंच के वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक सूचकांक में 58वीं सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था का स्थान किसे दिया गया _____ **भारत।**

**नोट:**

- 140 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में, अमेरिका (पहला) के बाद सिंगापुर (दूसरा) और जर्मनी (तीसरा) हैं।
- भारत का स्थान वर्ष 2017 के बाद से पांच स्थान बढ़ा है।

10. ग्रामीण विकास मंत्रालय और किस कॉलेज ने रोशनी (सामाजिक कार्य केंद्रित महिला संस्था केंद्र) की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए हैं ____ **लेडी इरविन कॉलेज।**

**नोट:**

- रोशनी तकनीकी स्तर पर और वित्तीय रूप से यूनिसेफ इंडिया द्वारा समर्थित है जो राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी सहायता इकाई के रूप में कार्यरत है।

11. अपनी वेबसाइट के लिए एक नई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) ए.आई.-आधारित सहायक **'आस्क दिशा'** की शुरुआत किसने की ___ **आई.आर.सी.टी.सी।**

**नोट:**

- यह नया सहायक टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों से संबंधित सामान्य प्रश्नों के उत्तर तुरंत देगा।
- आस्क दिशा 'CoRover' (बेंगलुरु-स्थित स्टार्टअप) द्वारा संचालित है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीनी ज्ञान पर बने प्लेटफॉर्म का स्वामित्व प्राप्त अधिकारी है।

12. शहर में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षा ऐप 'रुद्रम' लॉन्च करने वाले भारतीय फिल्म अभिनेता ____ **कमल हासन।**

**नोट:**

- यदि महिला को कोई परेशानी महसूस होती है, तो उसे एक मिनट के अंदर पॉवर बटन को तीन बार दबाना होगा।
- एक बार ऐसा करने के बाद, इमरजेंसी नंबरों, कॉल सेंटर और पास के पुलिस स्टेशन को तत्काल अलर्ट मिल जाएगा।
- कोई भी ऐप में पंजीकरण पर तीन कान्टेक्ट नंबर स्टोर कर सकता है।
- अलर्ट मोबाइल नेट के साथ ही एस.एम.एस द्वारा जेनरेट किए जाते हैं।

13. गैर-संक्रामक रोगों (एन.सी.डी) में सार्वजनिक-निजी साझेदारी के लिए आदर्श दिशानिर्देश किसने जारी किए ___ **नीति आयोग।**

**नोट:**

- दिशानिर्देशों के अनुसार, परिचालन प्रबंधन और सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी निजी भागीदार मानव संसाधनों के उन्नयन, निर्माण और विस्तार में निवेश करेंगे।
- दिशानिर्देश निजी भागीदारी को सुव्यवस्थित करने और विश्व स्तर की अवसंरचना और स्वास्थ्य क्षेत्र में रोगियों देखभाल को प्रोत्साहित करने में मदद करेंगे।

14. इतिहासकार रीमा हूजा द्वारा महाराणा प्रताप पर लिखित किस पुस्तक का विमोचन किया गया ___**महाराणा प्रताप: द इनविंशिबल वॉरियर।**

**नोट:**

- पुस्तक महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप के जीवन का वर्णन करती है और 'हल्दीघाटी' के प्रसिद्ध युद्ध के बारे में बताती है।

15. भारत ग्लोबल पार्टनर्स फोरम (जी.पी.एफ) के चौथे संस्करण की मेजबानी कहां करेगा_____ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- पी.एम.एन.सी.एच (माताओं, नवजात शिशु और बालकों के स्वास्थ्य के लिए साझेदारी) हर महिला हर बच्चा (ईडब्ल्यूईसी) मुहिम के प्रति समर्पित 100 से अधिक देशों को एकजुट करेगी।
- फोरम की सह-अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और पी.एम.एन.सी.एच द्वारा की जाएगी।
- फोरम के पिछले संस्करण जोहान्सबर्ग (2014) और दिल्ली (2010) और दार-ए-सलम, तंजानिया (2007) में आयोजित किए गए हैं।

16. केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहां पर स्थित हज हाउस की छत पर भारत के सबसे ऊंचे तिरंगे झंडे को फहराया______ **मुंबई।**

**नोट:**

- राष्ट्रीय ध्वज की माप 20x30 है और यह जमीन से 350 फीट ऊपर है।
- प्रतिष्ठित इमारत के शीर्ष पर 20 मीटर की ऊंचाई से फहराया गया ध्वज दक्षिण मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के पास है।
- तिरंगा झंडा कभी रंग न उतरने वाले पॉलिएस्टर से बना है और द फ्लैग कंपनी द्वारा बनाया गया है, जो बड़े झंडों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।

17. स्टीफन हॉकिंग का अंतिम पुस्तक, जिसे हाल ही में लॉन्च किया गया है _____ **बड़े प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर" (Brief Answers to the Big Questions)।**

**नोट:**

- इसे सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी के परिवारजनों और अकादमिक सहयोगियों ने उनके विशाल व्यक्तिगत संग्रह से प्राप्त सामग्री की सहायता से पूरा किया है।
- यह भगवान के अस्तित्व, संभावित समय यात्रा और अगले 100 वर्षों के दौरान मानव बुद्धिमत्ता सहित विभिन्न मुद्दों को स्पष्ट करती है।

18. आयुष मंत्रालय कहां पर स्थित अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयुष में निवेश पर पहला राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा_____ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के तहत सरकारी और निजी कंपनियों के आयुष में निवेश करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू) को प्रोत्साहित करना है।
- नीति आयोग और औद्योगिक और नीति एवं संवर्धन विभाग आयुष में इस राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के साझेदार संगठन हैं।

19. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को राष्ट्रीय पुलिस स्मारक (एन.पी.एम) कहां समर्पित किया____ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- इसे आजादी के बाद से पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में बनाया गया है।
- स्मारक शांती पथ के उत्तरी छोर पर, चाणक्यपुरी में 6.12 एकड़ जमीन पर बनाया गया है।
- एन.पी.एम के मध्य में स्थित प्रतिमा ग्रेनाइट से बना 30 फीट लंबा पत्थर का स्तंभ है, जिसका वजन 238 टन है।

## राज्य समाचार

1. मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मुफ्त दुर्घटना बीमा कवर में पांच लाख रुपये तक की वृद्धि को किसने मंजूरी दी ____ **श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड।**

**नोट:**

- बोर्ड ने उन तीर्थयात्रियों के लिए भी पांच लाख रुपए का अतिरिक्त जीवन बीमा कवर मंजूर किया है जो भवन और भैरव घाटी के बीच बनने वाले यात्री रोप-वे की सेवा का लाभ उठाते हैं।
- इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य श्री माता वैष्णो देवी जी के पवित्र गुफा को बेहतर प्रबंधन और संचालन प्रदान करना था और इसके अनुदान में संबंधित भूमि और भवनों शामिल हैं।

2. उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद शहर के नाम को किस पुराने नाम में पुन: बदल दिया________**प्रयागराज।**

**नोट:**

- अब रेलवे और अन्य सभी विभागों को उनके रिकॉर्ड में इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज करने के लिए कहा जाएगा।
- इससे पहले, अगले वर्ष के प्रारंभ में आयोजित होने वाले आगामी कुंभ मेले से पहले राज्य सरकार ने प्रयागराज का नाम बदलने की मंजूरी दी थी।

3. केंद्रीय पर्यावरण मंत्री हर्षवर्धन ने किस राज्य के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली शुरू की है_______ **दिल्ली।**

**नोट:**

- यह किसी बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण से हालात खराब होने से तीन से चार दिन पहले जानकारी प्रदान करेगी।
- प्रणाली को भारत सरकार के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जी.आर.पी) के अनुसार अत्यधिक वायु प्रदूषण घटनाओं की भविष्यवाणी करने और आवश्यक कदम उठाने हेतु चेतावनी जारी करने के लिए डिजाइन किया गया है।

4. गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, अब, विदेशी पर्यटक बिना किसी प्रतिबंध के किस द्वीप पर जा सकते हैं __ **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह।**

**नोट:**

- गृह मंत्रालय ने अपने पहले के आदेश को संशोधित कर दिया है जिसमें विदेशियों को आगमन के 24 घंटे के अंदर प्रवासी पंजीकरण अधिकारी के साथ पंजीकरण करना अनिवार्य था।
- केंद्रशासित प्रदेश में विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा दिए गए सुझाव पर यह कदम उठाया गया है।

5. बिहार से जरदालू आम, कटारनी चावल और मगही पान के बाद किसे जियोग्राफिकल इंडीकेशन (जीआई) टैग मिला __ **शाही लीची।**

**नोट:**

- जी.आई. उत्पादों पर उपयोग किया जाने वाला एक नाम (चिन्ह) है जो यह प्रमाणित करता है कि इसके परंपरागत विधियों के अनुसार बनाए जाने या उत्पादन के कुछ विशेष गुण हैं या इसके भौगोलिक क्षेत्र के कारण एक निश्चित प्रतिष्ठा है।
- वर्ष 2017-18 में बिहार में विभिन्न किस्मों की कुल 3 लाख मीट्रिक टन लीची का उत्पादन किया गया था, जिनमें से 60 प्रतिशत शाही लीची थीं।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. भारत का चयन कब से प्रारंभ हो रहे तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष निकाय मानवाधिकार परिषद हेतु किया गया ______**1 जनवरी, 2019।**

**नोट:**

- भारत को एशिया-प्रशांत श्रेणी में 188 मत मिले।
- 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के नए सदस्यों के लिए चुनाव आयोजित किए थे।
- 18 नए सदस्यों को एक गुप्त मतदान के माध्यम से पूर्ण बहुमत द्वारा निर्वाचित किया गया।
- यू.एन.एच.आर.सी 47 संयुक्त राष्ट्र सदस्य राष्ट्रों से बना है जो संयुक्त राष्ट्र महासभा (यू.एन.जी.ए) द्वारा दुनिया के प्रत्येक पांच क्षेत्रों के लिए आवंटित सीटों की विशिष्ट संख्या के माध्यम से चुने गए हैं।

2. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहां पर आयोजित दो दिवसीय एशिया यूरोप मीटिंग (ए.एस.ई.एम) शिखर सम्मेलन में भाग लिया___ **ब्रुसेल्स (बेल्जियम)।**

**नोट:**

- इस वर्ष के ए.एस.ई.एम शिखर सम्मेलन का विषय "वैश्विक चुनौतियों के लिए वैश्विक सहयोगी" (Global Partners for Global Challenges) है।
- वर्ष 2018 के लिए ए.एस.ई.एम एजेंडा कनेक्टिविटी, व्यापार एवं निवेश, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, प्रवासन, समुद्री सुरक्षा और साइबर स्पेस से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता देगा।

3. शौकिया भांग (गांजा) के अधिकृत क्षेत्र और उपयोग को वैध बनाने वाला दूसरा देश (पहला उरुग्वे) ___ **कनाडा।**

**नोट:**

- अब, कनाडा के लोग अपने घर में चार पौधे लगा सकते हैं और व्यक्तिगत उपयोग के लिए 30 ग्राम सूखी भांग (गांजा) रख सकते हैं।
- गांजा उगाना पहले वर्ष 1923 में कनाडा में एक अपराध था लेकिन वर्ष 2001 से इसे औषधि उपयोग के लिए कानूनी मंजूरी प्राप्त है।

4. यू.के. द्वारा निर्मित बुध ग्रह पर भेजा जाने वाला अंतरिक्ष यान जो यह निर्धारित करेगा कि ग्रह, जो सूरज के निकटतम है, उस पर पानी है या नहीं ___ **बेपी कोलोम्बो मिशन।**

**नोट:**

- **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी** (ई.एस.ए) का बेपी कोलोम्बो मिशन ग्रह पर छान-बीन के लिए दो उपग्रह भेजेगा जहां की सतह का तापमान 450 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।
- अंतरिक्ष एजेंसी को पिछले मिशनों द्वारा उठाए गए प्रश्नों जैसे- ग्रह में पानी है या नहीं, के उत्तर प्राप्त होने की उम्मीद है।
- अंतरिक्ष यान 20 अक्टूबर को, फ्रेंच गुयाना के कौरो में यूरोपीय स्पेसपोर्ट से लॉन्च किया जाएगा।

5. भूटान के चुनाव आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली (संसद का निम्न सदन) की 47 सीटों में से 30 सीटें किसने हासिल की हैं ____ **द्रुक नयामरूप शोगपा (डी.एन.टी)।**

**नोट:**

- आयोग के अनुसार, तीसरे आम चुनाव में 71.46% मतदान दर्ज किया गया था।
- भूटान के दशकों पुराने संसदीय लोकतंत्र में यह पहली बार है कि सरकार बनाने के लिए एक नई पार्टी का चयन किया गया है।

6. सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के पहली बार संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन-2018' (DHARMA GUARDIAN-2018) कहां आयोजित किया जाएगा ____ **मिजोरम।**

**नोट:**

- भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व **6/1 गोरखा राइफल्स** द्वारा किया जाएगा जबकि जापानी सेना का प्रतिनिधित्व जापानी ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के 32 इन्फैंट्री रेजिमेंट द्वारा किया जाएगा।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. विश्व के पहले पूर्ण जैविक कृषि राज्य की उपलब्धि हासिल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन का इस वर्ष का **फ्यूचर पॉलिसी गोल्ड अवॉर्ड** हासिल करने वाला छोटा हिमालयी राज्य __ **सिक्किम।**

**नोट:**

- पवन चामलिंग (सिक्किम के मुख्यमंत्री) रोम स्थित एफ.ए.ओ मुख्यालय में आयोजित होने वाले विश्व खाद्य सप्ताह समारोह के दौरान पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

- ब्राजील, डेनमार्क और इक्वाडोर ने अपनी नीतियों के लिए रजत पुरस्कार जीता।
- सिक्किम को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों को खत्म करने तथा उन्हें संवहनीय विकल्पों के साथ प्रतिस्थापित करने के बाद वर्ष 2016 में पूर्ण कार्बनिक राज्य घोषित किया गया था।

2. लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए इस वर्ष के हृदयनाथ पुरस्कार से सम्मानित किए जाने वाले अनुभवी संगीतकार, गीतकार और लेखक _____ **मोहम्मद जहूर खय्याम हाशमी।**

**नोट:**

- इस पुरस्कार में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा 26 अक्टूबर, 2018 को मुंबई में आयोजित होने वाले एक समारोह में 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और शॉल प्रदान किया जाएगा।
- पद्म भूषण प्राप्त खय्याम (91 वर्षीय) ने वर्ष 1943 में लुधियाना में 17 वर्ष की आयु में अपना संगीत करियर आरंभ किया था और बाद में 'हीर रांझा' (वर्ष 1948 में रिलीज़) जैसी फिल्मों का संगीत लिखने के लिए संगीत निर्देशक जोड़ी 'शर्माजी-वर्माजी' के शर्मा के रूप में कार्य किया।
- खय्याम ने वर्ष 1981 में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'उमराव जान' के लिए संगीत रचना की।

3. ब्रिटिश लेखिका एना बर्न्स ने अपने किस उपन्यास के लिए प्रतिष्ठित मैन बुकर पुरस्कार जीता______**मिल्कमैन।**

**नोट:**

- मिल्कमैन उत्तरी आयरलैंड के कैथोलिक-विरोधी हिंसा के दौरान पुरुषों, महिलाओं, संघर्ष और बल प्रयोग के बारे में एक जीवंत और हिंसापूर्ण कहानी है।
- सुश्री बर्न्स ने 50,000 पाउंड (66,000 डॉलर) का पुरस्कार जीता।
- फिक्शन के लिए मैन बुकर पुरस्कार अंग्रेजी भाषा में लिखे और यू.के. में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ मूल उपन्यास के लिए प्रत्येक वर्ष दिया जाने वाला साहित्यिक पुरस्कार है।

4. वर्ष 2018 के लिए प्रतिष्ठित 'विमला वी पई विश्व' कोंकणी सर्वश्रेष्ठ पुस्तक पुरस्कार किसने जीता___ **एच.एम. पर्नल।**

**नोट:**

- उन्होंने यह पुरस्कार 'बेग अनी बीगथ' के लिए प्रदान किया गया है, जो कोंकणी में लघु कथाओं का संग्रह है।

5. खेल विकास में अपने योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के स्पोर्ट एंड एक्टिव सोसायटी आयोग का अनुदान पुरस्कार जीता_____ **सुहेल एफ. टंडन।**

**नोट:**

- सामाजिक उद्यमी सुहेल प्रो स्पोर्ट डेवलपमेंट (पी.एस.डी) के संस्थापक और मार्था फेरेल फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति दुनिया भर के एथलीटों और खेल संगठनों की सभी स्तरों पर सहायता के लिए व्यापक खेल मुहिम हेतु अपनी आय का 90% से अधिक योगदान देती है।

6. ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए किए गए अपने कार्यों के सम्मान में आइवी लीग यूनिवर्सिटी पेंसिल्वेनिया द्वारा प्रतिष्ठित कारनॉट पुरस्कार हासिल करने वाले केंद्रीय मंत्री ____**पीयूष गोयल।**

**नोट:**

- कारनॉट पुरस्कार छात्रवृत्ति या कार्यों के माध्यम से ऊर्जा नीति में विशिष्ट योगदान के लिए क्लेनमैन सेंटर का वार्षिक पुरस्कार है।
- ऊर्जा क्षेत्र के इस पुरस्कार का नाम फ्रेंच भौतिक विज्ञानी **निकोलस साडी कारनॉट** के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने माना कि भाप इंजन की शक्ति मानव विकास में "एक बड़ी क्रांति" लाएगी।

## खेल समाचार

1. क्रोएशिया के बोर्ना कोरिक (21-वर्षीय) को फाइनल में 6-3, 6-4 से हराकर अपना चौथा शंघाई मास्टर्स टेनिस खिताब हासिल करने वाले सर्बियाई टेनिस स्टार ____ **नोवाक जोकोविच।**

   **नोट:**

   - शंघाई मास्टर्स (जिसे शंघाई रोलेक्स मास्टर्स भी कहा जाता है) शंघाई (चीन) के मिन्हांग जिले में क़िज़ोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना में आउटडोर हार्ड कोर्ट पर खेला जाने वाला पुरुष टेनिस टूर्नामेंट है।

2. भारत को हराकर सुल्तान जोहोर कप किसने जीता ____**ब्रिटेन।**

   **नोट:**

   - ब्रिटेन ने तामन दाया हॉकी स्टेडियम मलेशिया में भारत को 3-2 से हराकर **सुल्तान जोहोर कप** (2 बार) जीता।
   - इस बीच, मलेशिया न्यूज़ीलैंड को 6-3 हराकर पांचवें स्थान पर रहा।
   - **सुल्तान जोहोर कप 2018** (हॉकी टूर्नामेंट) मलेशिया के जोहोर बहरु, जोहोर में आयोजित (6 से 13 अक्टूबर, 2018) किया गया था।
   - भाग लेने वाले देश: ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन, भारत, न्यूज़ीलैंड, मलेशिया (मेजबान देश) और जापान हैं।

3. अर्जेंटीना में 2018 ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय ट्रिपल जम्पर ____**प्रवीण चित्रावल।**

   **नोट:**

   - प्रवीण 31.52 मीटर के संयुक्त प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
   - क्यूबा ने स्वर्ण, जबकि नाइजीरिया ने रजत पदक जीता।

4. युवा ओलंपिक खेलों में तीरंदाजी में भारत के पहले रजत पदक विजेता __ **आकाश मलिक।**

   **नोट:**

   - आकाश मलिक संयुक्त राज्य अमेरिका के ट्रेंटन काउल्स से एक-तरफा फाइनल मुकाबले में 0-6 से हार गए।
   - वर्तमान में, आकाश को ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट द्वारा नामांकित किया गया है और पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में दक्षिण कोरियाई कोच किम हैग्यॉन्ग के तहत प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

5. विश्व कुश्ती चैंपियनशिप कहां आयोजित की गई_______ **बुडापेस्ट, हंगरी।**

   **नोट:**

   - वर्ष 2018 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप संयुक्त प्रतिस्पर्धाओं की विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का 15वां संस्करण है और यह हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में 20 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित किया जाना है।

**--------------0--------------**